हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
16 मार्च 2024, समय 1305

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों के नाम एक पत्र लिखकर उनसे विकसित भारत को कार्यरूप देने के लिए राय मांगी है। उन्होंने कहा है कि पिछले 10 वर्षों के दौरान देश ने ऊंची छलांगें लगाई हैं और जबरदस्त आर्थिक प्रगति देखी है। श्री मोदी ने कहा कि देश परंपरा और आधुनिकता– दोनों को साथ लेकर आगे बढ़ रहा है।
श्री मोदी ने कहा कि कई योजनाओं और पहलों ने देश की तस्वीर बदल दी है। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, मातृ वंदना योजना, जीएसटी लागू करना, अनुच्छेद 370 को हटाना, नारी शक्ति वंदन अधिनियम और नए संसद भवन का उद्घाटन शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह बदलाव इसलिए संभव हुआ है क्योंकि जनता ने उनमें विश्वास व्यक्त किया है।
श्री मोदी ने देशवासियो से विकसित भारत बनाने के संकल्प को मूर्त रूप देने के लिए समर्थन देने की अपील की है ताकि देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाया जा सके।

....

केंद्रीय संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने डाक विभाग में 2 लाख 56 हज़ार से अधिक ग्रामीण डाक सेवकों के लिए एक नई वित्तीय पदोन्नति योजना की शुरुआत की। यह योजना 12, 24 और 36 साल की सेवा पर तीन पदोन्नति प्रदान करती है। इससे वार्षिक आय में 4,320, 5,520 और 7200 रुपये की वृद्धि होगी।

....

निर्वाचन आयोग आज दोपहर 3 बजे लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करेगा। लोकसभा चुनाव के साथ कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा भी की जाएगी।
उल्लेखनीय है कि वर्तमान लोकसभा का कार्यकाल इस वर्ष 16 जून को समाप्त हो रहा है। वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा 10 मार्च को की गई थी और चुनाव अप्रैल और मई में सात चरणों में संपन्न हुए थे।

....

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की उपस्थिति में कल कुरूक्षेत्र में उमरी रोड़ पर 5 एकड़ 3 करनाल भूमि पर बनने वाले संत शिरोमणि गुरु रविदास स्मारक का भूमि पूजन के साथ शिलान्यास किया। इस स्मारक के निर्माण पर लगभग 25 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसका निर्माण हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा।
मुख्यमंत्री नायब सिंह ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की भूमि पर संत शिरोमणि गुरू रविदास जी का भव्य भवन बनाने का विचार पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का ही था जो आज मूर्तरूप ले रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा लागू की गई नीति व योजनाएं, प्रदेश में घर-घर पहुंचेगी।

....

रोहतक में कल आम आदमी पार्टी के कई पदाधिकारी भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए।
राज्यसभा सदस्य सुभाष बराला एवं बीजेपी के मुख्य प्रवक्ता जवाहर यादव ने उनका पार्टी में स्वागत किया। बीजेपी में शामिल होने वाले नेताओं में आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. पंकज बेनीवाल, प्रदेश कोषाध्यक्ष सचिन गौड़, राज्य पर्यवेक्षक डॉ. मनीष पांडे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंजीत जेलदार, ज़िला कार्यक्रम प्रबंधक महिपाल यादव, गुरूग्राम से व्यापार मंडल अध्यक्ष सतीष सिसोदिया और गुरूग्राम से सह सचिव डॉ. विकास शर्मा शामिल है।

....

इण्डियन नेशनल लोक दल ने लोकसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला को कुरुक्षेत्र से अपना उम्मीदवार घोषित किया है।
पार्टी के राष्ट्रीय उप प्रधान प्रकाश भारती ने आज कुरुक्षेत्र की जाट धर्मशाला में मीडिया को यह जानकारी दी। इस अवसर पर इनेलो के राष्ट्रीय संगठन सचिव श्याम सिंह राणा और अनुशासन समिति के अध्यक्ष शेर सिंह बड़शामी भी मौजूद रहे।

....

पंचकूला पुलिस लाइन में कल प्रदेश के तीसरे सरदार पटेल पुलिस ई-पुस्तकालय की शुरूआत की गई। इस ई- पुस्तकालय को हरियाणा पुलिस के पूर्व महानिरीक्षक स्वर्गीय हेमराज तलवार की स्मृति में तैयार किया गया है जिसका उद्घाटन स्वर्गीय हेमराज तलवार की धर्मपत्नी उषा तलवार ने पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर की मौजूदगी में किया। यह ई- पुस्तकालय सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक खुला रहेगा।

....

नागरिकता-संशोधन अधिनियम, 2019 के तहत आवेदन करने के लिए ‘सीएए-2019’ मोबाइल ऐप शुरू हो गया है।
गृह मंत्रालय के अनुसार आवेदक गूगल प्ले स्टोर के अलावा वेबसाइट – Indiancitizenshiponline.nic.in से डाउनलोड कर सकते हैं।

....

भिवानी के नगर योजनाकार विभाग द्वारा कल भिवानी-लोहारू मार्ग पर अवैध निर्माण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान आधा एकड़ में फैली एक अवैध कॉलोनी में जेसीबी मशीन द्वारा अवैध निर्माण हटाया गया।
भिवानी की जिला नगर योजनाकार नीलम शर्मा ने बताया कि अवैध निर्माण हटाओ अभियान के तहत जेसीबी मशीन द्वारा एक एक चार दीवारी को तोड़ा गया। उन्होंने बताया कि अवैध निर्माण करना गैर कानूनी कार्य है और इसकी इजाजत किसी को नहीं है।

....